राशन में घटतौली मिली तो कोटेदार के साथ पूर्ति निरीक्षक पर भी होगी कार्रवाई -डीएम

देवरिया। राशन वितरण में घटतौली की शिकायत मिलने पर अब सिर्फ कोटेदार ही नहीं, बल्कि संबंधित पूर्ति निरीक्षक की भी जिम्मेदारी तय होगी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आपूर्ति, खाद्य एवं रसद, बाट-माप तथा मंडी विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राशन का वितरण निर्धारित समय पर नियमित रूप से कराया जाए। पूर्ति निरीक्षक अपने क्षेत्रों में वितरण व्यवस्था की प्रभावी निगरानी करें। कहीं भी घटतौली की शिकायत सही पाई गई तो कोटेदार के साथ संबंधित पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिले में रिक्त राशन दुकानों का आवंटन प्राथमिकता के आधार पर तीन माह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी स्थिति में राशन दुकान का आवंटन तीन माह से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए। राशन कार्ड बनाने और आधार सीडिंग के कार्यों में भी तेजी लाने को कहा। डीएम ने बाट-माप विभाग को अभियान चलाकर दुकानों और प्रतिष्ठानों में माप-तौल की जांच करने के निर्देश दिए। पेट्रोल पंपों पर भी घटतौली और अन्य अनियमितताओं



को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण करने को कहा। गड़बड़ी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

किसानों के पंजीकरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने डिप्टी आरएमओ और मंडी विभाग को इस माह अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण कराने का लक्ष्य दिया। इसके लिए अनाज मंडियों में जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से प्रत्येक पात्र और जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व पंकज प्रकाश राठौर, जिला पूर्ति अधिकारी, डिप्टी आरएमओ, मंडी सचिव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जनता दर्शन में फरियादी की पुरानी बैसाखी देख पसीजा डीएम का दिल, तत्काल दिलाई नई बैसाखी

देवरिया। जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुन रहे जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की नजर बुधवार को एक बुजुर्ग फरियादी की पुरानी बैसाखी पर पड़ी तो उन्होंने

♦ पत्नी के साथ फरियाद लेकर पहुंचे थे रामबली यादव, डीएम ने खुद सौंपा सहायक उपकरण

तत्काल मदद का फैसला लिया। पथरदेवा बाजार निवासी रामबली यादव अपनी पत्नी के साथ समस्या लेकर पहुंचे थे। उनकी बैसाखी की हालत देखकर डीएम ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को फोन कर तत्काल नई बैसाखी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश पर कुछ ही देर में नई बैसाखी की व्यवस्था कराई गई। इसके बाद जिलाधिकारी ने स्वयं रामबली यादव को नई बैसाखी सौंपी। अचानक मिली इस मदद से रामबली भावुक हो गए।



उन्होंने डीएम के प्रति आभार जताते हुए कहा कि नई बैसाखी मिलने से अब उन्हें आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। जनता दर्शन में मौजूद लोगों ने भी जिलाधिकारी की इस पहल की सराहना की। इस दौरान डीएम ने जरूरतमंदों की समस्याओं के त्वरित और संवेदनशील निस्तारण पर जोर दिया।

देवरिया के लाल अश्वनी सिंह ने फिर रचा इतिहास, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया नाम

देवरिया। जिले के निशनिया पैकोली, भिंगारी बाजार निवासी युवा खिलाड़ी अश्वनी कुमार सिंह ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और जिले का नाम रोशन किया है। सऊदी अरब में खेल प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत अश्वनी ने तीन मिनट में 164 स्पाइडरमैन पुशअप्स लगाकर नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। उनका यह रिकॉर्ड दो नवंबर को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। अश्वनी ने यह प्रदर्शन 11 सितंबर को किया था। इसके साथ ही उन्होंने ईरान के खिलाड़ी मेहदी ज़बेटी के 133 पुशअप्स के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही उनके पैतृक क्षेत्र सहित पूरे देवरिया जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। इससे पहले भी अश्वनी अपनी शारीरिक क्षमता और मेहनत के दम पर कई कीर्तिमान बना चुके हैं। वर्ष



♦ तीन मिनट में 164 स्पाइडरमैन पुशअप्स लगाकर ईरान के खिलाड़ी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिले में खुशी की लहर

2016 में उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक साइकिल यात्रा पूरी कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। वर्ष 2018 में पीठ पर करीब 27 किलोग्राम भार रखकर एक पैर के सहारे एक मिनट में 34 दंड लगाए थे। वहीं, वर्ष 2021 में करीब नौ किलोग्राम भार के साथ 30 सेकंड में एक पैर से 50 दंड लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इसके अलावा एक मिनट में विशेष शैली के 96 दंड लगाकर सीरिया के खिलाड़ी शेख मुस्तफा के 94 दंड के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ चुके हैं। इस प्रदर्शन को 9 जून 2026 को आधिकारिक रूप से विश्व रिकॉर्ड के रूप में मान्यता मिली थी। लगातार अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर अश्वनी ने साबित कर दिया है कि छोटे शहरों और गांवों की प्रतिभाएं भी अपनी मेहनत और लगन से विश्व पटल पर देश का परचम लहरा सकती हैं।

सड़क पर मनमानी पड़ी भारी- देवरिया पुलिस ने 156 वाहनों का काटा चालान, 2 सीज

देवरिया। सड़क हादसों पर लगाम लगाने और यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बुधवार को यातायात पुलिस ने शहर में ताबड़तोड़ कार्रवाई की। एसपी संकल्प के तहत चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। दिनभर चली कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 156 वाहनों का चालान काटा, जबकि दो वाहनों को सीज कर थाने भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देश पर यातायात पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर मोर्चा संभाला। को-ऑपरेटिव चौराहे पर बिना हेलमेट, तीन सवारी और दोषपूर्ण नंबर प्लेट लगाकर फर्राटा भरने वालों को रोककर कार्रवाई की गई। इस दौरान चारपहिया वाहनों के शीशों पर लगी काली फिल्म को मौके पर ही उतरवाया गया। रोडवेज पर मनमानी पार्किंग पर चला डंडा रोडवेज बस स्टैंड के पास सड़क घेरकर सवारियां भरने वाले डग्गामार और अन्य वाहनों पर भी पुलिस सख्त नजर आई। सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़ा कर जाम की स्थिति पैदा करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान और जब्ती की कार्रवाई की गई। स्पीड रडार से पकड़ी गई ओवरस्पीडिंग गोरखपुर मार्ग पर तेज रफ्तार गाड़ियों पर नकेल कसने के लिए इंटरसेप्टर वाहन तैनात किया गया। गति मापक यंत्र (स्पीड रडार) की मदद से तय सीमा से अधिक रफ्तार में दौड़ रहे वाहनों को चिन्हित कर उनके चालान काटे गए।

दूध बेचने वाले पर जानलेवा हमला करने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

देवरिया। पुरानी रंजिश को लेकर दूध लेकर लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी बरामद कर लिया है।भटवलिया निवासी सुधाकर पाण्डेय मंगलवार शाम करीब पौने छह बजे



पिता-पुत्र को कोतवाली पुलिस ने बुधवार को को-ऑपरेटिव चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त स्टील का डब्लू (बर्तन) भी एसएसबीएल इंटर कॉलेज के पास से दूध लेकर लौट रहे थे। मोहन होटल के समीप साकेत नगर निवासी आलोक मिश्रा और उसके पिता रामनगीना मिश्रा ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि पिता ने सुधाकर को पकड़ लिया और पुत्र आलोक ने जान से मारने की नीयत से स्टील के डब्लू से उसके सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग

♦ को-ऑपरेटिव चौराहे के पास से पुलिस ने दोनों को किया गिरफ्तार

जुटे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। बुधवार को कोतवाल शशिभूषण राय व उपनिरीक्षक सुशांत प्रताप सिंह की टीम ने दबिश देकर दोनों आरोपियों को धर दबोचा और जेल भेज दिया।

चोरी की बुलेट के साथ वांछित युवक को दबोचा, नहर के पास से हुई गिरफ्तारी

देवरिया। अपराधियों और वांछितों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बरियारपुर थाने की पुलिस ने बुधवार को चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी मुकदमे में वांछित चल रहा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एएसपी दक्षिणी और क्षेत्राधिकारी सलेमपुर के पर्यवेक्षण में बरियारपुर पुलिस क्षेत्र में भ्रमण पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक विरेन्द्र कुमार की टीम ने रमन छपरा से बिहार जाने वाली नहर पर स्थित मुर्गी फार्म के पास दबिश दी। पुलिस ने मौके से मु0अ0सं0 188/2026 में वांछित अभियुक्त कुलदीप उर्फ अनूप यादव पुत्र रामेश्वर यादव (22 वर्ष), निवासी महुई, थाना बरियारपुर को दबोच लिया। उसके कब्जे से चोरी गई बुलेट मोटरसाइकिल (यूपी 52 बीजेड 4735) बरामद हुई। पुलिस ने विधिक प्रक्रिया पूरी कर आरोपी का चालान कर दिया।

साइबर सेल की तत्परता से दो पीड़ितों को वापस मिले ठगी के 29,500 रुपये

देवरिया। साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई गंवाने वाले दो पीड़ितों के लिए बुधवार का दिन राहत भरी खबर लेकर आया। जिले की साइबर टीमों की सक्रियता के चलते दो अलग-अलग मामलों में पीड़ितों के खातों में कुल 29,500 रुपये की शत-प्रतिशत धनराशि वापस लौटाई गई। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गौरीबाजार और सुरौली पुलिस ने यह कामयाबी हासिल की। पहला मामला गौरीबाजार थाना क्षेत्र का है। लबकनी निवासी प्रदीप कुमार मौर्या साइबर फ्रॉड का शिकार हो गए थे, जिसके बाद उन्होंने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए गौरीबाजार थाने के उपनिरीक्षक शुभम पाठक, महिला कांस्टेबल सरिता दूबे और समीक्षा मिश्रा की टीम ने संबंधित बैंक व वित्तीय संस्थानों से तुरंत तालमेल बैठाया। पुलिस की घेराबंदी और तकनीकी कार्रवाई के चलते ठगी गई 25 हजार रुपये की पूरी रकम पीड़ित के खाते में वापस आ गई। वहीं दूसरा मामला सुरौली थाना क्षेत्र के भटजमुआव गांव का है। यहां के निवासी ब्रम्ह प्रकाश पाण्डेय से 4,500 रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई थी। उन्होंने एनसीआरपी (ह्यष्टत्रक्क) पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष अविनाश मौर्य के नेतृत्व में साइबर प्रभारी संतोष कुमार सिंह, आरक्षी इमरान अंसारी और महिला आरक्षी शालिनी मिश्रा ने त्वरित कदम उठाते हुए रकम को होल्ड कराया। इसके बाद एमआरएम (मनी रेस्टोरेशन मॉड्यूल) पोर्टल के जरिए विधिक प्रक्रिया पूरी कर शत-प्रतिशत 4,500 रुपये पीड़ित के खाते में वापस ट्रांसफर करा दिए। दोनों ही मामलों में मेहनत की कमाई वापस पाकर पीड़ितों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने देवरिया पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे से मनाये दीपोत्सव का त्योहार- उपजिलाधिकारी

भाटपार रानी देवरिया। आगामी दीपावली और छठ पूजा के त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए आज पीस कमेटी की बैठक भाटपार रानी थाना परिसर



में उप जिलाधिकारी भाटपार रानी दीपराज सिंह एवं क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी की अध्यक्षता में हुई। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी भाटपार रानी ने कहा कि दीपावली एवं छठ पूजा का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल मैं मनाये अफवाहों पर ध्यान न दें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दे। दीपावली और छठ पूजा का त्यौहार हिंदू धर्म के सुप्रसिद्ध त्योहार हैं इस त्यौहार को आप सभी भाईचारे के साथ मनाये। क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी ने कहा कि पटाखा बेचने वाले व्यापारी भीड़ वाले स्थान पर पटाखा ना बेचे सभी पटाखा व्यापारियों के लिए भाटपार रानी उपनगर में एक स्थान निश्चित किया गया है उसी स्थान पर पटाखा बेचे इसके साथ-साथ सावधानी अपेक्षित है पटाखा के साथ कम से कम एक बोरा बालू बाल्टी में पानी एवं एक कंबल प्रत्येक पटाखा व्यवसाई के पास होना जरूरी है जिससे विषम परिस्थितियों में निपटा जा सके। सुरक्षा से संबंधित निर्देशों का पालन अवश्य करें शासन द्वारा निर्देशित स्थान भी आर डी मैदान में ही पटाखा की दुकान लगाये। थानाध्यक्ष अभिषेक राय ने कहा कि नगर के पटाखा व्यवसाई सावधानी के साथ पटाखा बेचने का कार्य करें। और सुरक्षा से संबंधित निर्देशों का पालन अवश्य करें। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता जिला संगठन मंत्री देवेश गुप्ता तहसील अध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल तहसील महामंत्री पवन कुमार गुप्ता नगर अध्यक्ष विजय कुमार मद्धेशिया युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता सभासद प्रतिनिधि कृष्णा मद्धेशिया सभासद सलीम अली आबिद हुसैन कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता दीपक जायसवाल सुरेंद्र चौहान प्रदीप प्रजापति श्रीराम प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

समाजसेवी सुरेश प्रसाद गुप्ता पांच नवंबर को समाचार पत्र विक्रेताओं को करेंगे सम्मानित

देवरिया। दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर जाने-माने समाजसेवी सुरेश प्रसाद गुप्ता पांच नवंबर, गुरुवार को समाचार पत्र विक्रेताओं को सम्मानित करेंगे। समाजसेवी सुरेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि समाचार पत्र विक्रेता प्रतिदिन सुबह लोगों तक खबरें पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौसम की चुनौतियों के बीच उनकी मेहनत और सेवाभाव सराहनीय है। ऐसे में त्योहार के अवसर पर उन्हें सम्मानित करना उनके प्रति आभार व्यक्त करने का एक प्रयास है।

रामकोला से दो बसों में भाजपा कार्यकर्ता गोरखपुर रवाना

लक्ष्मीगंज/कुशीनगर। गोरखपुर में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' कार्यकर्ताओं के गोरखपुर जाने की व्यवस्था की गई। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के



♦ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी के सौजन्य से हुआ प्रस्थान

नेतृत्व में आयोजित पदयात्रा में सहभागिता के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। रामकोला से रवाना हुए कार्यकर्ता गोरखपुर पहुंचकर पदयात्रा में शामिल होंगे। इस दौरान राजेश मिश्रा कुन्नू बाबा, मंडल अध्यक्ष मनोहर गुप्ता, अमित गोविंद राव, दरोगा कुंवर सिंह, राधेश्याम दीक्षित, उमाशंकर गोड़, निशांत शुक्ला, जोगी प्रसाद, अनिरुद्ध खरवार, मुनेब कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पदयात्रा में शामिल होने के लिए रामकोला से भाजपा कार्यकर्ताओं का जत्था बुधवार को दो बसों से रवाना हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी के सौजन्य से

शातिर वाहन चोर को दबोचा, 5 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद

देवरिया। जनपद में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं पर शिकंजा कसते हुए कोतवाली पुलिस और एंटी थेफ्ट सेल की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के



एक शातिर सदस्य को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।19 सितंबर को बरियारपुर थाना क्षेत्र के चकरवा धूस निवासी विवेकानन्द द्विवेदी अपने पिता की दवा लेने तिलक रोड स्थित मेडिकल स्टोर पर आए थे, जहां से उनकी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक चोरी हो गई थी। मामले की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस और एंटी थेफ्ट सेल ने चीनी मिल ग्राउंड के किनारे घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को दबोचा। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान मुहम्मद अफ्फान उर्फ मासूम पुत्र मोहम्मद हारुल, निवासी मिसकढी मैरवा (सिवान, बिहार) के रूप में हुई। पूछताछ और निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों से चुराई गई पांच बाइकें (तीन स्प्लेंडर, एक डीलक्स और एक अन्य) बरामद कीं। जांच में पता चला कि इनमें से गाड़ियां कोतवाली, सलेमपुर, रामपुर कारखाना और दिल्ली कैंट क्षेत्र से उड़ाई गई थीं। कोतवाल शशिभूषण राय ने बताया कि संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है, जबकि गिरोह के अन्य नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।

दीपावली और छठ पर संवेदनशील घाटों पर तैनात होगी पुलिस, थानाध्यक्ष ने दिए निर्देश

महुआडीह (देवरिया)। दीपावली और छठ पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए महुआडीह पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने सभी बीट उपनिरीक्षकों और कांस्टेबलों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के संवेदनशील छठ घाटों को चिह्नित कर वहां विशेष पुलिस बल तैनात किया जाएगा। त्योहारों में शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने लोगों से दीपावली और छठ का पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। साथ ही किसी भी तरह की असुरक्षा या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही।

सपा में तीन सम्भावित प्रत्याशी कोई किसी से कम नहीं

(बशीर अहमद)

पथरदेवा(देवरिया) विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा सपा में तीन सम्भावित प्रत्याशी कोई किसी से कम नही विपक्ष से चुनाव लड़ना उनके पास दम नही। पथरदेवा विधानसभा अस्तित्व में 2012 में उसी समय से सपा में गुटबाजी चल रही है। समय-समय पर नेतृत्व अलग-अलग लोगों को प्रत्याशी बनाया जिसमें पहली बार पूर्व मंत्री शाकिर अली प्रत्याशी बने और अपने दमखम के साथ भाग्य के भरोसे चुनाव भी जीत गये। 2017 के चुनाव में तत्कालीन विधायक शाकिर अली चुनाव भी हार गये। 2022 के चुनाव के पहले पूर्व विधायक शाकिर अली का स्वर्गवास हो गया और जब 2022 का चुनाव आया तो उम्मीदवारी को लेकर सपा में मल्लयुद्ध शुरू हो गया। 2022 के चुनाव में पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी,पूर्व मंत्री स्व.शाकिर अली के सुपुत्र परवेज आलम सपा से ही मैनुद्दीन खान और हारून अली सम्भावित प्रत्याशी बने नेतृत्व ने पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी को उम्मीदवार घोषित किया जिसपर परवेज आलम बसपा में शामिल हुए बसपा के उम्मीदवार हो गये। मैनुद्दीन खान,हारून अली क्षेत्र छोड़कर अपने कारोबार में बाहर चले गये चुनावी युद्ध भाजपा से सूर्य प्रताप शाही,सपा से पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी और बसपा से परवेज आलम चुनावी अखाड़े में कूद गये सभी ने दमखम के साथ चुनाव लड़े और चुनावी परिणाम सूर्य प्रताप शाही को पक्ष में चला गया। पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी को पैंसठ हजार और परवेज आलम को तैंतीस हजार वोट लेकर सब्र करना पड़ा। सपा के हम



सभी सम्भावित प्रत्याशियों के बारे में थोड़ा बहुत चर्चा करना चाहते है जैसे पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी लगातार तीन विधानसभाओं से तीन बार चुनाव हार चुके है और चौथे बार में पुन: विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा से दावेदारी किया है। वर्तमान समय में क्षेत्र भ्रमण के दौरान ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी के साथ सपा के कार्यकर्ता नही वल्कि उनके समर्थक साथ में भ्रमण कर रहे है। परवेज आलम भी जिस काफ्ले के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर रहे है वह सपा के नही वल्कि परवेज आलम के समर्थक उनके साथ भ्रमण कर रहे है। सपा जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह पटेल भी उम्मीदवारी के लिए दावेदारी किया है इनके साथ कार्यकर्ता सपा के कम भाजपा के अधिक साथ में लगे हुए है। यह भी बात सत्य है कि तीनों के समर्थक खासतौर से सपा के नही वल्कि तीनों सम्भावित प्रत्याशियों के समर्थक है जो विधानसभा चुनाव के लिए घातक साबित होगा। क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है और फेसबुक के माध्यम से अपने प्रचार प्रसार में लगे हुए है जो वास्तविकता से अलग है। टिकट एक है तीन सम्भावित प्रत्याशी है नेतृत्व किसी एक को ही देगा अभी तो तीनों यह कह रहे है कि जिसको टिकट मिलेगा वह चुनाव लड़ेगा। भीतरघात की बात अंधेरे में छुपा हुआ है। तीनों सम्भावित प्रत्याशियों को समर्थकों ने लोकप्रियता की मीठी गोली खिलाकर रख दिये है। अब तो समय बतायेगा कि नेतृत्व किसको उम्मीदवार घोषित कर रहा है और कौन व्यक्ति उम्मीदवार को कहा तक साथ दे रहा है।

पुलिस की घेराबंदी से घबराए तस्कर, बैरियर तोड़ने में नाकाम, पिकप दुर्घटनाग्रस्त

सलेमगढ कुशीनगर। जिले में गोवंश तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की सक्रियता के बीच मंगलवार की देर रात तरयासुजान थाना क्षेत्र में तस्करों और पुलिस के बीच भागमभाग का नजारा देखने को मिला। राष्ट्रीय राजमार्ग-27 स्थित सलेमगढ़ टोल प्लाजा पर पुलिस की निगरानी में आए गोवंश लदे मालवाहक पिकप को जब पुलिसकर्मियों ने रोकने का प्रयास किया तो चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस की घेराबंदी से घबराए चालक ने सलेमगढ़-जमुनिया टोला मार्ग पर पुलिस बैरियर तोड़कर



निकलने की कोशिश की, लेकिन इसमें सफल नहीं हो सका और पिकप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस ने मौके से नौ गोवंश बरामद किए, जिनमें दो मृत अवस्था में मिले। चार जीवित गोवंश पुलिस के हाथ लगे, जबकि तीन अन्य वाहन से निकलकर आसपास के खेतों की ओर भाग गए। हादसे के बाद चालक और उसके साथी पशु तस्कर अंधेरे तथा गन्ने की फसल का फायदा उठाकर फरार हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की देर रात एक मालवाहक पिकअप राष्ट्रीय राजमार्ग-27 स्थित सलेमगढ़ टोल प्लाजा पर पहुंची। वहां निगरानी ड्यूटी पर तैनात तरयासुजान पुलिस के जवानों को वाहन की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। पुलिसकर्मी कुछ समझ पाते, इससे पहले ही पिकप टोल प्लाजा गेट तक पहुंच गई। संदेह गहराने पर पुलिसकर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना बहादुरपुर चौकी पर ड्यूटी कर रहे जवानों को दी। इसके बाद पुलिस ने संभावित रास्तों पर चेकिंग और निगरानी तेज कर दी। उधर, पुलिस की सक्रियता भांपकर पिकप चालक ने यू-टर्न लिया और पैट्रोल पंप कट से वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया तो चालक सलेमगढ़-जमुनिया टोला मार्ग की ओर तेजी से बढ़ने लगा। इस रास्ते पर पहले से ही तरयासुजान पुलिस का बैरियर प्वाइंट मौजूद था। पुलिस की घेराबंदी देखकर चालक ने बैरियर तोड़कर निकलने का असफल प्रयास किया, लेकिन तेज रफ्तार पिकप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पिकप की तलाशी ली तो उसमें नौ गोवंश लदे मिले। इनमें दो की मौत हो चुकी थी, जबकि चार जीवित गोवंश को पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर लिया। शेष तीन गोवंश वाहन से निकलकर इधर-उधर भाग गए। वहीं, दुर्घटना के बाद चालक और उसके साथी तस्कर अंधेरे तथा आसपास के गन्ने के खेतों का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय पुलिस ने बरामद पिकप और गोवंश को कब्जे में लेकर मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। फरार पशु तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।